प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 25.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.......................

- पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती आज सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है।
- स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा है कि देश में मलेरिया से होने वाली मौतों मे 78 प्रतिशत की कमी आई है।
- क्रिसमस का पर्व आज–प्रदेश के सभी गिरिजाघरों में हो रही है विशेष प्रार्थना सभाएं।
- पुरुष हॉकी टीम के उप–कप्तान और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता हार्दिक सिंह मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामांकित।

.......................

आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है। यह दिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का भी उद्‌घाटन करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज राजधानी जयपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। श्री शर्मा सुबह शासन सचिवालय में आयोजित होने वाले पुष्पांजलि और सुशासन शपथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे एसएमएस इंडोर स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री का एचसीएम रीपा–ओटीएस में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में सहभागिता करने का भी कार्यक्रम है। इसके साथ ही, वे दोपहर में कॉमर्स कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेला कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को सुशासन दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने वाजपेयी जी को नमन करते हुए कहा कि वे एक कुशल राजनीतिज्ञ, प्रखर वक्ता और दूरदर्शी नेता थे, जिनके नेतृत्व ने देश में सुशासन की अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत की। उनके द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से लेकर स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना ने देश के विकास को नई गति दी। उन्होंने कहा कि अटल जी का सुशासन मॉडल हम सभी के लिए पथप्रदर्शक है।

.......................

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा है कि देश में मलेरिया से होने वाली मौतों मे 78 प्रतिशत की कमी आई है और इस रोग का संक्रमण भी 80 प्रतिशत कम हो गया है। नई दिल्ली में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिणाम फोरम को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक दो हजार की आबादी पर एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि यह प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को मजबूती देने की सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश में तपेदिक संक्रमण में तीस प्रतिशत की कमी आई है। हालांकि यह अब भी विश्वस्तर पर 12 प्रतिशत कमी के आंकड़े से अधिक है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष शिशु जन्म के समय मातृ मृत्यु दर अनुपात घटकर प्रति लाख 88 रह गया है जबकि 2014 में यह प्रति लाख 130 था। शिशु मृत्यु दर में भी इस वर्ष कमी आई है।

.......................

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई दी है। इसका प्रक्षेपण अंतरिक्ष यान **एल वी एम थ्री–एम सिक्स** के जरिए अगली पीढ़ी के अमरीकी संचार उपग्रह से किया गया। ये उपलब्धि भारत की वैश्विक वाणिज्यिक प्रक्षेपण बाजार में बढ़ती भूमिका दर्शाती है। गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश के श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से कल ये प्रक्षेपण किया गया। इसके बाद ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में स्थापित हो गया। साढ़े छह टन वजनी ये संचार उपग्रह भारत की ओर से छोड़ा गया अब तक का सबसे भारी उपग्रह है।

.......................

प्रेम और शांति का संदेश देने वाला प्रभु यीशु का जन्मदिवस देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश के सभी गिरिजाघरों में भी विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

राजधानी जयपुर के गिरिजाघरों में भी आकर्षक सजावट की गई है। शहर के चर्च और कॉलोनियों को आकर्षक रोशनी, क्रिसमस ट्री, सितारों और रंग–बिरंगी सजावट से सजाया गया है।
सवाईमाधोपुर जिले में क्रिसमस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

.......................

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि कुछ राजनीतिक दल, अरावली पहाड़ियों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बारे में गलत जानकारी फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे जानबूझकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की गलत व्याख्या कर रहे हैं। आकाशवाणी न्यूज़ को दिए एक साक्षात्कार में श्री यादव ने कहा कि नागरिक विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे प्रोपेगेंडा का शिकार नहीं होंगे।

.......................

अरावली रेंज के रणनीतिक महत्व पर जोर देते हुए, श्री यादव ने कहा कि यह क्षेत्र महत्वपूर्ण खनिजों का एक प्रमुख स्रोत है, जो देश के आर्थिक और औद्योगिक विकास के लिए जरूरी हैं। उन्होंने अरावली ग्रीन वॉल पहल के बारे में भी बात की, जिसके तहत अरावली क्षेत्र में खराब हो चुकी ज़मीनों पर बड़े पैमाने पर पेड़ लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र को बहाल करने और पारिस्थितिक लचीलेपन को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

.......................

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय का आज 13वां दीक्षांत समारोह मनाया जायेगा। राज्यपाल हरिभाऊ किशन राव बागडे 54 पीएचडी डिग्रियां, 33 छात्राओं और 7 छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर सुरेश अग्रवाल ने बताया कि इस बार कुल 1 लाख 4 हजार 670 विद्यार्थियों को डिग्री वितरित की जायेगी।

.......................

पहाडी इलाकों में बारिश और बर्फबारी के चलते प्रदेश में भी सर्दी के तेवर तेज हो गए है। कल प्रदेश के पारे में 2 से 8 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई, वहीं 15 शहरों का पारा 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ। शेखावाटी और उसके आस–पास के शहरों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पाली में भी रात के तापमान में गिरावट देखी गई और सुबह खेतों में ओस जमी हुई नजर आई। वहीं कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जैसलमेर में भी सर्दी बढने से लोग अलाव का सहारा ले रहे है।
मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिन तापमान मे और गिरावट आने की संभावना है।

.......................

पुरुष हॉकी टीम के उप–कप्तान और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता हार्दिक सिंह को प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। भारतीय ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष गगन नारंग, पूर्व हॉकी खिलाड़ी एम. एम. सोमाया और पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी अपर्णा पोपट की चयन समिति ने नामांकन को अंतिम रूप दिया। योगासन प्रतिभागी आरती पाल सहित 24 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। खेल रत्न युवा मामले और खेल मंत्रालय की ओर से हर साल दिया जाने वाला यह सर्वोच्च खेल सम्मान है। नामांकित खिलाड़ियों को राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान करते है।

.......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव कल तक स्वीकार किए जाएंगे।

.......................